Road Safety Day 09December, 2022

With an objective to encourage the masses to follow the traffic rules and wear helmets and seat belts while driving, a road safety campaign was organised on December 09, 2022. Vice-Chancellor addressed the gathering that preventative measures lessen the risk of road accidents, death or injury. A signature campaign was also organised where volunteers committed towards ensuring a safe driving and following traffic rules.

सड़क सुरक्षा अभियान

9 दिसम्बर, 2022

शपथ पत्र

मैं शपथ लेता हूं/लेती हूं, कि ...

- सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखूंगा/रखूंगी
- यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन कराऊंगा/करवाऊंगी...
- दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनूंगा/पहनूंगी....
- कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाऊंगा/लगाऊंगी....
- कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊंगा/चलाऊंगी....
- वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करूंगा/करूंगी.....
- मैं हमेशा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता दूंगा/दूंगी...
- सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा/रहूंगी...

जय हिंद–जय भारत

सड़क सुरक्षा अभियान
9 दिसम्बर, 2022
शपथ पत्र
मैं शपथ लेता हूं/लेती हूं, कि ...

सड़क सुरक्षा अभियान
9 दिसम्बर, 2022
शपथ पत्र
GPS Map Camera
Meerpur, Haryana, India
6MRX+3VM, Janti, Haryana 122502, India
Lat 28.240097°
Long 76.699259°
09/12/22 11:34 AM
library
Google

जागरुकता

आईजीयू मीरपुर में यूथ रेडक्रॉस और एनएसएस की ओर से चलाया गया सड़क सुरक्षा अभियान

हादसों पर जताई चिंता, यातायात नियमों के पालन का लिया संकल्प

संवाद न्यूज एजेंसी

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस और एनएसएस की ओर से शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का शुंभारभ कुलपित प्रो. जेपी यादव ने करते हुए विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों को सड़क यातायात नियमों का पालन करनेकी शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देश एंव समाज के प्रति एक जिम्मेदार व्यक्ति के लिए समाज और राष्ट्र के प्रति भी जिम्मेदारी होती है। हेलमेट, सीट बेल्ट सहित अन्य यातायातनियमों का पालन करते हुए लोग वाहन चलाए। इससे सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सकती हैं। अगर इसका निर्वाह नहीं किया जाए तो उन्नत, सुसंस्कृत एवं आदर्श समाज या देश की कल्पना संभव नहीं है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना है। बढ़ते सड़क हादसों को जागरूकता के माध्यम से कम किया जा सकता है। इसके लिए लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझना होगा। वाईआरसी कार्यक्रम समन्वयक डॉ. समृद्धि ने अभियान में शपथ पत्र पर हस्ताक्षर के माध्यम से सभी को सड़क पर यात्रा के दौरान रखने वाली सावधानी के बारे में बताया।

शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर नियमों का पालन करने का संदेश देते वीसी। संवाद

यातायात नियमों का पालन करने की शपथ लेते शिक्षक, ग्रामीण और विद्यार्थी। संवाद

इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रो. विजय कुमार, निदेशक युवा कल्याण डॉ. रविंद्र,डॉ. भारती, डॉ. ईश्वर शर्मा, डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. रितु बजाज, डॉ.सोनू मदान, डॉ. सुधीर व सुशांत यादव आदि सहित अन्य प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।